<u>जनपद बाराबंकी</u>

दिनांक- 09.04.2024

थाना देवा पुलिस टीम द्वारा 03 मादक पदार्थ तस्करों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से कुल 845 ग्राम अवैध स्मैक (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत 80 लाख 45 हजार रूपये),01 अदद मोटर साइकिल व नगदी बरामद-

पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 09.04.2024 को थाना देवा पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इन्टेलीजेन्स के आधार पर 03 अभियुक्तगण 1. बिरजू पुत्र दीन बन्धु रावत निवासी ग्राम अहिबनपुर थाना सदरपुर जनपद सीतापुर, 2. धनेश पुत्र हरिहर पासी निवासी ग्राम दहला थाना रामपुर मथुरा जनपद सीतापुर, 03. इन्द्रेश पुत्र ओमकार पासी निवासी ग्राम चन्दौली थाना थानगांव जनपद सीतापुर को कुल 845 ग्राम अवैध स्मैक (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत 80 लाख 45 हजार रूपये), 01 अदद मोबाइल फोन, 1450/- रूपये नगद व घटना में प्रयुक्त 01 अदद मोटर साइकिल UP 32 NY 8893 के साथ देवा कुर्सी रोड मित्तई नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना देवा पर मु0अ0सं0 220/2024 धारा 8/21/60 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

पूछताछ में ज्ञात हुआ कि अभियुक्तगण द्वारा आस-पास के जनपदों में लोगों को स्मैक बेचा जाता है। अभियुक्तगण के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

<u>नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण-</u>

1. बिरजू पुत्र दीन बन्धु रावत निवासी ग्राम अहिबनपुर थाना सदरपुर जनपद सीतापुर
2. धनेश पुत्र हरिहर पासी निवासी ग्राम दहला थाना रामपुर मथुरा जनपद सीतापुर
3. इन्द्रेश पुत्र ओमकार पासी निवासी ग्राम चन्दौली थाना थानगांव जनपद सीतापुर

<u>बरामदगी-</u>

1. 845 ग्राम अवैध स्मैक
2. 01 अदद मोटर साइकिल
3. 01 अदद मोबाइल फोन
4. 1450/- रूपये नगद

<u>थाना देवा पुलिस टीम-</u>

1. प्रभारी निरीक्षक श्री अनिल कुमार पाण्डेय थाना देवा जनपद बाराबंकी
2. उ0नि0 श्री अखिलेश प्रजापति, उ0नि0 श्री दौमित्र सेन रावत
3. का0 रमापति यादव, का0 शेखर सिंह
4. का0 विनोद यादव, का0 विनय प्रताप सिंह